संoसंo—03 / परीo—B.T.S.C.—(अधिo)06—23 / 2024 3797　　　　पटना, दिनांकः— 11.12.2024

**बिहार सरकार**

# बिहार तकनीकी सेवा आयोग,
**19, हार्डिंग रोड, पटना**

## आवश्यक सूचना

## विज्ञापन संo—01 / 2019 कनीय अभियंता (असैनिक / यांत्रिक / विद्युत)

SLP No.-7257/2023, शशिभूषण प्रसाद सिंह बनाम बिहार राज्य एवं अन्य तथा सम्बद्ध अपीलों में माननीय उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली द्वारा दिनांक—04.10.2024 को पारित न्याय—निर्णय के अनुपालन में विज्ञापन संo—01 / 2019 के अन्तर्गत कनीय अभियंता (असैनिक / यांत्रिक / विद्युत) के पदों पर चयन कर संशोधित अनुशंसा सूची तीन माह के अन्दर अधियाची विभागों को प्रेषित की जानी है।

SLP No.-7257/2023 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली द्वारा पारित आदेश के अनुपालन के क्रम में Non-AICTE Approved विश्वविद्यालय से Diploma in Engineering उत्तीर्ण अभ्यर्थियों द्वारा पूर्व के Counselling में प्रस्तुत प्रमाण—पत्रों / अंक पत्रों के जाँच, कतिपय विश्वविद्यालयों के Diploma in Engineering उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के प्रमाण—पत्रों / अंक पत्रों का दिनांक—29.11.2024 एवं 30.11.2024 को आयोजित पुनः सत्यापन एवं संबंधित विश्वविद्यालयों से प्राप्त सत्यापन प्रतिवेदन के आधार पर वैसे सभी विश्वविद्यालयों से Diploma in Engineering उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का प्राप्तांक, आरक्षण कोटि एवं अन्य विवरणी आयोग के वेबसाईट—**www.pariksha.nic.in** अथवा **www.btsc.bihar.gov.in** अथवा इस लिंक पर **http://103.75.167.252/JE/LOGIN.ASPX** पर उपलब्ध है। संबंधित अभ्यर्थियों से **दिनांक—12.12.2024 से 15.12.2024 के अपराह्न 06:00 बजे तक** आपत्ति (यदि हो तो) करने हेतु तिथि निर्धारित की जाती है।

अभ्यर्थी अपना Registration No., मोबाईल नम्बर एवं जन्म तिथि डालकर registered मोबाईल नम्बर पर प्राप्त OTP के माध्यम से Login कर दर्शायी गई सभी विवरणी यथा— नाम, पिता का नाम, जन्म तिथि, लिंग, आरक्षण कोटि, प्राप्तांक, अयोग्यता का कारण आदि देखकर संतुष्ट हो लें। किसी प्रकार की कोई त्रुटि होने पर संबंधित अभ्यर्थी अपना आपत्ति कारण सहित आयोग के वेबसाईट पर Raise Objection बटन पर Click करके दर्ज कर सकते हैं।

आयोग के पत्रांक 3529, दिनांक 21.11.2024 द्वारा विज्ञापन सं० 01 / 2019 के अन्तर्गत अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन (Document Verification) हेतु पूर्व में आमंत्रित अभ्यर्थियों के लिए विस्तृत दिशा—निर्देश सहित आवश्यक सूचना प्रकाशित की गयी है, जो लागू रहेगा।

उक्त ऑनलाईन आपत्ति के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम यथा– ई–मेल/ निबंधित डाक/कुरियर आदि से प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

नोटः–
1. दिनांक–29.11.2024 एवं 30.11.2024 को आयोजित पुनः दस्तावेज सत्यापन में अनुपस्थित अभ्यर्थियों के अभ्यर्थित्व को अमान्य कर दिया गया है।
2. कतिपय विश्वविद्यालयों से सत्यापन प्रतिवेदन अप्राप्त है, साथ ही विश्वविद्यालयों के संबंध में आयोग स्तरीय जाँच प्रक्रियाधीन है। उक्त सत्यापन प्रतिवेदन एवं जाँच के फलाफल से अभ्यर्थियों की अभ्यर्थिता प्रभावित होगी।
3. प्राप्त आपत्ति के पश्चात् सभी अभ्यर्थियों के अंको की पुनः जाँच की जाएगी एवं जाँचोपरांत मेधासूची प्रकाशित की जा सकेगी।
4. संलग्न सूची मात्र अभ्यर्थियों के प्राप्तांको की जाँच हेतु अपलोड की गयी है। इसे चयन सूची अथवा मेधा सूची नहीं समझा जाय।

11.12.2024

प्रभारी सचिव,
बिहार तकनीकी सेवा आयोग, पटना।

D:\2022\JUNIOR ENGINEER (OLD)\Work in 2024\AAPATI SUCHNA\AAPTI SUCHANA (After Counselling)_2